# सीएम भजनलाल शर्मा ने घोषणाओं की बारिश की

जयपुर, 12 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की जनता के लिए बुधवार को एक बार फिर घोषणाओं का पिटारा खोला। विनियोग और वित्त विधेयक पर बहस करते हुए सीएम भजनलाल ने कई बड़ी घोषणाएं की हैं।

मुख्यमंत्री द्वारा की गई कुछ प्रमुख घोषणाएं इस प्रकार हैं:-

- 10000 स्कूली शिक्षकों की भर्ती।
- 4000 पटवारियों की भर्ती।
- वन विभाग में कर्मचारियों की भर्ती।
- मुख्यमंत्री युवा रोजगार प्रोत्साहन योजना शुरू होगी, इसमें एक बार में दस हजार रुपए की सहायता दी जाएगी।
- युवाओं को 6000 रुपए का स्टाइफंड दिया जाएगा, यह लाभ प्रधानमंत्री प्रोत्साहन योजना से जुड़े युवाओं को मिलेगा।
- तारातरा बाड़मेर में आदर्श विद्यालय की स्थापना।
- होम्योपैथी के लिए 30 करोड़ अधिक राशि का प्रावधान।
- गरीबी मुक्त गांव योजना, जिसमें चरणबद्ध रूप से चिन्हित गांवों के बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया जाएगा।
- 2500 दिव्यांगों को स्कूटी दी जाएगी।
- लखपति दीदी के लिए एक लाख के लोन की राशि को बढ़ाकर 1.50 लाख रुपए किया जाएगा।
- भूमि विकास बैंकों से जुड़े किसानों के लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना।
- पाली में 10 करोड़ की लागत से देशी पशुओं के लिए केन्द्र बनेगा।
- आगामी वर्ष में 25000 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।
- पुलिस में 10000 पदों पर भर्ती होगी।
- पुलिस के लिए 400 वाहनों की घोषणा। इसके साथ नई मोबाइल यूनिट उपलब्ध कराई जाएगी।
- राजस्थान डिजिटल मिशन शुरू करने की घोषणा।
- मंत्रालय कर्मचारियों के निदेशालय की घोषणा।
- जनप्रतिनिधि, विधायक कोष से 25 लाख रुपए तक जनसमस्या को दुरुस्त करने के लिए खर्च कर सकेंगे।
- राजस्थान पुनर्गठन समिति का गठन होगा।
- आठ नए जिलों में मिनी सचिवालय बनाने की घोषणा।
- 50 नये प्राथमिक स्कूल खोलने, 100 स्कूल क्रमोन्नत करने और 100 विद्यालयों में नए विषय खोलने की घोषणा।

## 'भाजपा होली पर मुफ्त सिलैण्डर देने का वादा पूरा करे'

नयी दिल्ली, 12 मार्च। आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के कई जगहों पर प्रदर्शन कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से होली पर मुफ्त सिलेंडर देने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वादे को पूरा करने की माँग की।

'आप' के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव से पहले दिल्ली की महिलाओं से कई वादे किए थे। भाजपा का महिलाओं को 08 मार्च तक 2500 रुपए देने का वादा तो जुमला और धोखा साबित हो गया। प्रधानमंत्री ने होली-दिवाली पर हर महिला को एक मुफ्त सिलेंडर देने का दूसरा वादा किया था। दिल्ली की महिलाएं मुफ्त सिलेंडर देने के वादे को पूरा होने का इंतजार कर रही हैं।

**■ आम आदमी पार्टी ने भाजपा को मोदी का चुनावी वादा याद दिलाने के लिये दिल्ली में कई स्थानों पर प्रदर्शन किये।**

# हरियाणा में भाजपा ने 10 में से 9 नगर निगम जीते

**सोनीपत, अंबाला, फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार, करनाल, पानीपत, रोहतक व यमुना नगर में नगर निगमों पर भाजपा का कब्जा**

चंडीगढ़ ,12 मार्च। हरियाणा निकाय चुनाव में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोनीपत-अंबाला सहित 10 नगर निगमों में से नौ निगमों पर बंपर जीत दर्ज की है।

विधानसभा चुनाव के बाद अब निकाय चुनाव में भाजपा की यह दूसरी बड़ी जीत है। भाजपा ने सोनीपत-अंबाला के साथ-साथ फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार, करनाल, पानीपत, रोहतक और यमुनानगर नगर निगमों पर अपना कब्जा जमा लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के गढ़ में रोहतक में बड़ी जीत के साथ कांग्रेस विधायक और पूर्व रेसलर विनेश फोगाट के जुलाना नगर पालिका में भी भाजपा ने जीत दर्ज की है। भाजपा की जीत से कार्यकर्ताओं से लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी खुश हैं। मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ में जीत का जश्न मनाया।

**■ विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस को स्थानीय निकाय चुनाव में एक और झटका लगा। वह एक भी नगर निगम में जीत हासिल नहीं कर पाई।**

सैनी ने भाजपा की जीत पर कहा कि प्रदेश की जनता ने स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजों में 'ट्रिपल इंजन सरकार' पर अपनी मुहर लगाई है।

हरियाणा के स्थानीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस एक भी नगर निगम पर जीत हासिल नहीं कर पाई।

गौरतलब है कि फरीदाबाद, गुरुग्राम, मानेसर, हिसार, करनाल, पानीपत, रोहतक और यमुनानगर नगर निगमों में मेयर और सभी वार्ड सदस्यों का चुनाव हुआ था। जबकि सोनीपत और अंबाला में मेयर उपचुनाव कराया गया था। इसके अलावा चार नगर परिषद और 21 नगर पालिकाओं का भी चुनाव हुआ था। यहां भी अधिकतर स्थानों पर भाजपा ने अपना कब्जा जमाया। पानीपत नगर निगम को छोड़कर बाकी सभी निकायों के लिए दो मार्च को वोटिंग हुई थी। पानीपत में नौ मार्च को मतदान हुआ।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट ने संभल जामा मस्जिद की पुताई के आदेश दिये

प्रयागराज, 12 मार्च। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने संभल शाही जामा मस्जिद की पुताई का आदेश जारी कर दिया है। जामा मस्जिद की पुताई को लेकर दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान हाई कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। इससे पहले सोमवार को संभल जामा मस्जिद में बाहर से पुताई कराने को लेकर हाई कोर्ट ने आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से हलफनामा मांगा था। कोर्ट ने एएसआई से पूछा था कि वहां पुताई की आवश्यकता है कि नहीं? यदि है तो उसे बाहर से पुताई करवाने में क्या परेशानी है? कोर्ट ने बुधवार को मामले की सुनवाई के बाद, मस्जिद की बाहरी दीवार पर पुताई कराने की अनुमति दे दी। इसके अलावा, कोर्ट ने मस्जिद में लाइटिंग करने की भी मंजूरी प्रदान कर दी है।इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जामा मस्जिद की पुताई को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। मस्जिद कमेटी की ओर से रमजान को लेकर मस्जिद की पुताई कराने और लाइटिंग की मांग की गई थी। जिला प्रशासन के स्तर पर मांग अस्वीकार किए जाने के बाद, मस्जिद कमेटी ने हाई कोर्ट का रुख किया था। इसके बाद हाई कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के क्रम में 24 घंटे के भीतर एएसआई से जवाबी हलफनामा मांगा। साथ ही, कोर्ट ने महाधिवक्ता से कलेक्टर और मस्जिद कमेटी के बीच 1927 में हुआ करारनामा उपलब्ध करवाने को कहा था। हाई कोर्ट इस मामले की सुनवाई बुधवार को करने का निर्णय लिया।

**■ जिला प्रशासन ने मस्जिद कमेटी की, रमज़ान में पुताई की माँग अस्वीकार कर दी थी। इस पर कमेटी ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी।**

## छत्तीसगढ़ में एक लाख का ईनामी नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर, 12 मार्च। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में थाना उसूर पुलिस और केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए, प्रतिबंधित संगठन डीएकेएमएस के एक लाख रुपये के इनामी नक्सली समेत पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में प्रचार सामग्री, पर्चे और बैटरियां भी बरामद की गयी हैं।

सुरक्षा बलों के सूत्रों ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत, थाना उसूर, सीआरपीएफ 229 बटालियन और कोबरा 201, 205, 206 की संयुक्त टीम ने नेलाकांकेर, मारूड़बाका और कमलापुर इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पांच नक्सलियों को दबोच लिया गया। जब गिरफ्तार नक्सलियों की तलाशी ली गई तो उनके थैलों से माओवादी प्रचार सामग्री, पर्चे और छोटी-बड़ी एवररेडी बैटरियां बरामद हुईं। गिरफ्तार किए गए सभी नक्सलियों को थाना उसूर लाया गया, जहां उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई पूरी की गई।

# रक्षा मंत्रालय ने बीईएल को स्वदेशी रडार सप्लाई का ऑर्डर दिया

नयी दिल्ली, 12 मार्च। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के प्रयासों के तहत, रक्षा मंत्रालय ने वायु सेना के लिए 2,906 करोड़ रुपये की लागत से लो-लेवल ट्रांसपोर्टेबल रडार, एलएलटीआर (अश्विनी) की खरीद के वास्ते भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), गाजियाबाद के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि रडार को इलेक्ट्रॉनिक्स और रडार विकास प्रतिष्ठान, डीआरडीओ द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है।

इस अनुबंध पर रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

एलएलटीआर (अश्विनी) अत्याधुनिक सॉलिड स्टेट तकनीक पर आधारित सक्रिय और इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्कैन किया गया चरणबद्ध सरणी रडार है। यह रडार उच्च गति वाले लड़ाकू विमानों से लेकर मानव रहित यानों और हेलीकॉप्टरों जैसे धीमी गति से चलने वाले हवाई लक्ष्यों को ट्रैक करने में सक्षम है।

**■ भारत इलैक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, गाज़ियाबाद ने डीआरडीओ के साथ इस रडार का डिज़ाइन व निर्माण पूर्णतया स्वदेशी रुप से किया है।**

इसके वायु सेना में शामिल होने से परिचालन तैयारियों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह कार्यक्रम देश में रक्षा औद्योगिक इकोसिस्टम के विकास के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने के अलावा, विदेशी मूल के उपकरण निर्माताओं पर निर्भरता को कम करने तथा रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## 'नीट पेपर लीक ..

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आदेश के अनुरूप नहीं है।

उन्होंने कहा कि इस मामले में 45 छात्रों को आरोपी पाया गया है और उनके खिलाफ कार्रवाई जारी है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय जांच ब्यूरो इस मामले की व्यापक जांच कर रहा है और कुछ मामलों में आरोप पत्र भी दायर किये गये हैं।

मजूमदार ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की पवित्रता को बनाये रखने के उपाय सुझाने तथा सलाह देने के लिए एक समिति का गठन किया गया था और भविष्य की परीक्षाओं में इसकी सिफारिशों को लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समिति की कुछ सिफारिशें दीर्घकालिक हैं और कुछ अल्पकालिक , तथा उन्हें समयानुसार लागू किया जा रहा है।

# दिल्ली एनएसयूआई ने धर्मेन्द्र प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन किया

**■ दिल्ली एनएसयूआई के अध्यक्ष आशीष लांबा के नेतृत्व में यह प्रदर्शन प्रधान की तमिलनाडु पर की गई टिप्पणी के खिलाफ था।**

**■ इकाई के मीडिया विभाग के अध्यक्ष रवि पांडे ने कहा कि प्रधान की टिप्पणी भारत की संघीय व्यवस्था पर चोट है।**

नयी दिल्ली, 12 मार्च। कांग्रेस की छात्र इकाई नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की तमिलनाडु पर की गई टिप्पणी के खिलाफ बुधवार को यहां जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई दिल्ली के अध्यक्ष आशीष लांबा के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में छात्रों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार क्षेत्रीय पहचान और भाषाई विविधता के प्रति असम्मानजनक रवैया अपना रही है और यह पूरी तरह से निंदनीय है।

एनएसयूआई के छात्रों ने यहां रायसीना रोड से प्रधान के कार्यालय शास्त्री भवन की तरफ जाते हुए, उनके कार्यालय के सामने प्रदर्शन करने के लिए आगे बढ़े , लेकिन प्रशासन ने भारी पुलिस बल तैनात कर बैरिकेड लगा दिये थे। मीडिया को संबोधित करते हुए, एनएसयूआई मीडिया विभाग के अध्यक्ष रवि पांडे ने कहा, प्रधान की टिप्पणी सिर्फ तमिलनाडु पर हमला नहीं है, बल्कि भारत की संघीय व्यवस्था पर भी चोट है। भाजपा सरकार लगातार राज्यों पर अपनी विचारधारा थोपने का प्रयास कर रही है और उनकी स्वायत्तता का उल्लंघन किया जा रहा है। एनएसयूआई न तो तमिलनाडु का यह अपमान सहन करेगी और न ही किसी अन्य राज्य का। शिक्षा का सशक्तिकरण होना चाहिए लेकिन राजनैतिक एजेंडा थोपा नहीं जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि एनएसयूआई भाजपा सरकार की शिक्षा पर नियंत्रण स्थापित करने और क्षेत्रीय आवाज़ों को दबाने के प्रयासों के खिलाफ आंदोलन जारी रखेगी।

## 'शरीर पर जन्मजात निशान ..

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भी उसे सफल घोषित कर दिया। याचिका में कहा गया कि अजमेर में 9 नवंबर, 2024 को हुए मेडिकल में उसे उसकी पीठ पर बने बर्थ मार्क मेलानोसाइटिक नेवस के कारण अनफिट बताकर चयन से बाहर कर दिया। इसके बाद याचिकाकर्ता की प्रार्थना पर गठित रिव्यू मेडिकल बोर्ड ने भी उसे अनफिट बताया। याचिका में कहा गया कि बर्थ मार्क से ड्यूटी करने में कोई बाधा नहीं है और न ही यह संक्रामक है। मामले में अजमेर के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के चिकित्सक की स्वतंत्र राय ली गई। उसने भी बर्थ मार्क को सामान्य और नौकरी में बाधा नहीं डालने वाला बताया। याचिका पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को चार सप्ताह में नियुक्ति देने को कहा है।

# बलूचिस्तान ट्रेन हाईजैक प्रकरण...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आर्मी की ओर से जानकारी मिल रही है कि उन्होंने ट्रेन को मुक्त करा लिया है। लेकिन, साथ ही ये भी बताया जा रहा है कि बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के लड़ाके अपने साथ कई लोगों को पहाडी एरिया में ले गए हैं। इसलिए अभी तक पाकिस्तानी आर्मी का ऑपरेशन अभी पूरा नहीं हुआ है। पाकिस्तान आर्मी अब उन बंधकों को छुड़ाने में जुटी है। जिन्हें बीएलए के लड़ाके अपने साथ ले गए हैं।

कुछ अखबारों के अनुसार बलूच लिबरेशन आर्मी दावा कर रही है कि उसने सौ से अधिक बंधकों और पाकिस्तानी सैनिकों को मार दिया है। बी.एल.ए. प्रवक्ता श्रीचंद बलूच ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि दुश्मन बलों ने भारी तोपखाने और आधुनिक हथियारों का उपयोग करके सशस्त्र आक्रमण का प्रयास किया, जिससे तीव्र झड़पें हुई, लेकिन, बी.एल.ए. की अत्यधिक संगठित और पेशेवर युद्ध रणनीति ने दुश्मन के आक्रमण को कुचल दिया, जिससे उन्हें पीछे हटना पड़ा। बी.एल.ए. ने एक घंटे में दुश्मन के पचास और कर्मियों को मार डाला है।

एक अन्य अखबार ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि क्वेटा से 160 किमी दूर सुरंग में बंधक बनाई गई ट्रेन को मुक्त कराने के लिए बीएलए लड़ाकों और पाकिस्तानी सेना व सुरक्षा बलों के बीच लड़ाई जारी है। बीएलए ने बंधकों के बीच अपने आत्मघाती दस्ते के सदस्यों को बिठा दिया है, जिन्होंने सुसाइड जैकेट पहन रखी है। इन्होंने महिलाओं और बच्चों को अपने पास बैठने के लिए मजबूर कर दिया है। इससे सुरक्षा बलों के लिए बंधकों को मुक्त कराना मुश्किल हो गया है। बीएलए ने पहले ही सैन्य कार्रवाई पर सभी बंधकों को मार देने की धमकी दी है।

एक न्यूज चैनल के अनुसार पाक सेना और 'फ्रंटियर कोर' सहित सुरक्षा बल क्वेटा से 160 किलोमीटर दूर एक सुरंग में गुडलार और पीरू कुनरी के पहाड़ी इलाकों के पास ट्रेन को हाईजैक करने वाले आतंकियों से मुकाबला कर रहे हैं। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा कि जब तक सभी यात्रियों को बचा नहीं लिया जाता, तब तक अभियान जारी रहेगा। रिंद ने कहा कि बंधक स्थिति के कारण सुरक्षा बल अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं।

इधर बीएलए ने चेतावनी भी दी है कि अगर पाकिस्तान की सेना कोई अभियान चलाती है, तो "सभी बंधकों को मार दिया जाएगा।"

सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि यह अब तक स्पष्ट नहीं है कि हमले में कितने आतंकी शामिल हैं लेकिन उनमें से कुछ अपने आकाओं के संपर्क में रहने के लिए सैटेलाइट फोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस बीच, पाकिस्तान रेलवे ने पेशावर और क्वेटा रेलवे स्टेशन पर एक आपात स्थिति डेस्क स्थापित की है क्योंकि चिंतित रिश्तेदार अपने प्रियजनों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए पहुंच रहे हैं। पाकिस्तान रेलवे ने डेढ़ महीने से अधिक समय के निलंबन के बाद क्वेटा से पेशावर के लिए ट्रेन सेवाएं फिर से शुरू की थी।

विश्व के कई अन्य देशों ने तथा संयुक्त राष्ट्रसंघ के महासचिव एंटोनियों गुटरेस ने घटना की निंदा की।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार सुबह 9 बजे क्वेटा से पेशावर के लिए रवाना हुई जफर एक्सप्रेस को बीएलए के लड़कों ने दोपहर 1:30 बजे सिब्बी रेलवे स्टेशन से पहले अपने कब्जे में ले लिया था। लड़कों ने बोलान में माशफाक टनल के पास रेल पटरी उड़ा दी थी और ट्रेन के रुकते ही उस पर कब्जा कर लिया था।

ट्रेन के नौ कोच में 500 यात्री सवार थे। हालांकि, सुरक्षा बलों ने कहा था कि ट्रेन के रवाना होते समय उसमें 425 यात्री सवार थे। बीएलए लड़कों ने कुछ यात्रियों को छोड़ दिया था और 30 पाकिस्तान सैनिकों को मार गिराने का दावा किया था। हालांकि, पाकिस्तान सरकार की तरफ से हताहतों की संख्या के बारे में कुछ नहीं कहा गया है।

## स्टालिन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उद्योग मंत्री टी.आर.बी. राजा और चेन्नई सैंट्रल के सांसद दयानिधि मारन शामिल हैं। मंगलवार को ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल के प्रमुख नवीन पटनायक से मिले और उन्हें 22 मार्च को स्टालिन द्वारा बुलाई गई बैठक के लिए आमंत्रित किया। इस मीटिंग में लोकसभा क्षेत्रों के परिसीमन पर चर्चा की जाएगी। परिसीमन 2026 में होना है। राजा और मारन ने ओडिशा के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भक्त चरणदास से भी मुलाकात की और उन्हें आमंत्रित किया। स्टालिन ने सात डेलिगेशन बनाए हैं। हरेक में एक मंत्री व एक सांसद हैं, जो सात राज्यों का दौरा करेंगे। वहाँ के नेताओं से मिलकर उन्हें स्टालिन का पत्र देंगे व उन्हें हालात की जानकारी देकर मीटिंग के लिए आमंत्रित करेंगे।

इस मसले पर एक सामान्य रणनीति बनाने के लिए वे एक "जॉइन्ट एक्शन कमेटी" भी बना रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल, प. बंगाल, पंजाब और ओडिशा जाएगा। द्रमुक के सूत्रों ने कहा कि हिमाचल सरकार को भी बुलाया जा सकता है।

# प.बंगाल के हिंसक वातावरण के जिक्र से तृणमूल सांसद उत्तेजित हुए

**राज्यसभा में भाजपा सांसद ने प. बंगाल के चुनाव में राजनीतिक कार्यकर्ताओं की हत्या पर टिप्पणी की**

नयी दिल्ली, 12 मार्च। रेल मंत्रालय के कामकाज पर बुधवार को राज्य सभा में हुई चर्चा के दौरान उस समय हंगामा हो गया जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समिक भट्टाचार्य ने दिल्ली में शांति से सम्पन्न चुनावों का संदर्भ दे कर पश्चिम बंगाल में चुनावों के समय हिंसा की घटनाओं मुद्दा छेड़ दिया।

विपक्षी तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने उनकी बातों का विरोध करते हुए जमकर शोर-शराबा किया और इसे व्यवस्था के विरुद्ध बताया।

पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व कर रहे भट्टाचार्य चर्चा में पहले वक्ता थे। उन्होंने अपने संबोधन के आखिरी क्षणों में दिल्ली में विधान सभा चुनाव में पूरी शांति व्यवस्था के विपरीत तृणमूल कांग्रेस की सरकार वाले पश्चिम बंगाल में हिंसक वातावरण का जिक्र करना शुरू कर दिया। उनकी इस बात पर विपक्षी, खास कर तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया।

**■ तृणमूल सांसदों के भारी विरोध के कारण सदन के नेता जेपी नड्डा ने भाजपा सांसद के संरक्षण की मांग की।**

सदन के नेता जेपी नड्डा ने पीठ से अपने सदस्य के संरक्षण की मांग की और कहा कि उनकी पार्टी के वक्ता का समय बढ़ाया जाए।

भाजपा सदस्य ने पश्चिम बंगाल में चुनावों के समय बड़े पैमाने पर विपक्षी दलों के समर्थकों और कार्यकर्ताओं पर ज्यादाती और उनकी हत्याओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अभी दिल्ली का चुनाव हुआ, किसी की हत्या नहीं हुई, किसी का घर नहीं तोड़ा गया, पर इसी देश में पश्चिम बंगाल भी है जहां चुनावों में लोगों की हत्याएं हुई , घर तोड़े गए , आगजनी की गयी और बुल्डोजर चलाए गए। उन्होंने कहा कि ऐसा भाजपा के लोगों के साथ ही नहीं, कांग्रेस के लोगों के साथ भी हुआ। कांग्रेस के आठ कार्यकर्ताओं की हत्या की गयी।

## 'तमिलनाडु में सरकारी नौकरी के लिये तमिल आना जरूरी'

चेन्नई, 12 मार्च। दक्षिण भारत में जारी हिंदी भाषा विवाद के बीच मद्रास हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की। हाईकोर्ट ने कहा कि तमिलनाडु में सरकारी नौकरी चाहने वाले लोगों को तमिल लिखना और पढ़ ना आना चाहिए। हाईकोर्ट की बेंच ने तमिलनाडु बिजली बॉर्ड के जूनियर सहायक से जुड़े एक मामले की सुनवाई की, जो तमिल भाषा की परीक्षा पास करने में विफल हो गया था।

दरअसल, याचिकाकर्ता थेनी के एम जयकुमार तमिलनाडु बिजली बोर्ड में कार्यरत थे, जिन्हें नौकरी से निकाल दिया गया, क्योंकि वे दो साल के अंदर तमिल भाषा की परीक्षा पास नहीं कर पाये। जयकुमार ने इसके खिलाफ कोर्ट का रुख किया।

सुनवाई के दौरान, 10 मार्च को जस्टिस जी जयचन्द्रन और जस्टिस आर पूर्णिमा ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई करते हुए बेंच ने कहा कि तमिल भाषा की जानकारी के बिना कोई व्यक्ति सरकारी कर्मचारी के रूप में कैसे काम कर पाएगा।

# स्टॉक मार्केट में भारी गिरावट...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है, जिससे, भारत की आशाजनक संभावनाओं के बावजूद, निवेश में कठिनाइयाँ आई हैं। हालांकि, 2017 में लागू गुड्स एण्ड सर्विस टैक्स (जी.एस.टी.) ने कर प्रणाली को सरल बनाने का प्रयास किया था, लेकिन फिर भी समस्याएं बनी हुई हैं, जिसके कारण वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जी.एस.टी. में आगामी कटौती और सुधार की घोषणा की है।

वर्तमान उथल-पुथल के बावजूद, कुछ विश्लेषक भारत की आर्थिक दशा को लेकर कुछ आशावादी हैं। मूडीज़ के पूर्वानुमान के अलावा, एस.एण्ड.पी. ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की जी.डी.पी. को 2027 तक, 6.5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत तक की वार्षिक दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है, जो इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वैस्टमैंट में निवेश और निजी खपत से प्रेरित है। इसी तरह, मॉर्गन एण्ड स्टैनली ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपनी जी.डी.पी. वृद्धि का अनुमान 6.8 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है, और इसका श्रेय औद्योगिक व पूँजिगत खर्च में हो रही निरंतर वृद्धि को दिया जा रहा है।

भारत के शेयर बाज़ार में हाल ही में जो उतार चढ़ाव आया, वह घरेलू चुनौतियों और वैश्विक आर्थिक गतिशीलताओं के जटिल संबंध की याद दिलाता है। इंडसइंड बैंक के एकाउण्ट संबंधी गड़बड़ियों के खुलासे ने निवेशक के आत्मविश्वास को हिला दिया है। भारत की अर्थव्यवस्था की अन्तर्निहित ताकत, जिसका कारण इन्फ्रास्ट्रक्चर खर्च और बढ़ती उपभोक्ता मांग है, इसे संतुलित करती है।

आर्थिक विशेषज्ञ और विश्लेषक वर्तमान अस्थिरता को स्वीकार करते हैं, लेकिन भारत द्वारा प्रस्तुत दीर्घकालिक संरचनात्मक विकास के अवसरों को उजागर करते हैं। जैसे ही बाज़ार इस अशांत क्षेत्र से गुजरता है तो निवेश के लिए एक नपी तुली ज्ञात सोच आवश्यक होगी, ताकि भविष्य में संभावनाओं का लाभ उठाया जा सके।

ईएनएम (ईनाम) होल्डिंग्स के निदेशक मनीष चोखानी भारत की अर्थव्यवस्था के सकारात्मक दिशा को उजागर करते हैं, जो स्टॉक मार्केट के प्रदर्शन से परिलक्षित होती है। उनका कहना है कि कम्पनी की प्रमुख बैलेंस शीट्स, जिसमें बैंकिंग सैक्टर, कॉरपोरेट सैक्टर व सरकार शामिल है, सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और आगे चलकर कोई बड़ी मुश्किल आएगी, इसका संकेत भी नहीं मिलता है। चोखानी ने कहा, बड़ी पूँजी वाले सूचकांकों का मूल्य जरूरत से ज्यादा नहीं बढ़ा है। इससे संकेत मिलता है कि भारतीय शेयर बाज़ार चरम सीमा पर नहीं पहुँच रहे हैं।

मॉर्गन स्टेनली इंडिया के प्रबंध निदेशक रिद्म देसाई भारत की आर्थिक संभावनाओं के प्रति सकारात्मक सोच रखते है। यहाँ तक कि गठबंधन सरकार के संदर्भ में भी उनकी यही सोच है। उन्होंने कहा कि संरचनात्मक सुधारों के प्रति प्रधानमंत्री का संकल्प भारत को प्रगति के पथ पर ले जाएगा, आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करेगा और सप्लाई बेहतर होगी।

देसाई ने यह भी माना कि सतत घरेलू निवेश बाज़ार का महत्वपूर्ण प्रेरक रहा है और उनका अनुमान है कि जैसे-जैसे कॉर्पोरेट निर्गम बढ़ेंगे विदेशी निवेश के अवसर भी बढ़ेंगे। वे निवेशकों को घरेलू मोर्चे पर फोकस करने की सलाह देते है, जिसमें निजी बैंक, उपभोग, स्टॉक और औद्योगिक क्षेत्र शामिल हैं। वे आईटी सेवाओं को एक विपरीत निवेश के विकल्प के रूप में भी विचार करने की सलाह देते है।

विश्लेषकों ने भारत के मानक सूचकांकों में हालिया गिरावट के बाद शॉर्ट टर्म सुधार के लिए उत्प्रेरक के रूप में ओवरसोल्ड बाज़ार (ऐसा बाज़ार जहां कीमतें तेजी से गिर गई हों) की स्थितियों की पहचान की है। एंजल वन विश्लेषज्ञ राजेश भोंसले ने बताया कि हाल ही की गिरावट के बाद खरीद के आकर्षक अवसर उभरे हैं, जो शॉर्ट टर्म सुधार की संभावना बताते हैं। पर वे वैश्विक व्यापार की अनिश्चितताओं को देखते हुए सतर्क रहने की सलाह भी देते हैं।

बाज़ार के उतार-चढ़ाव की स्थिति में निवेशक अनिश्चितता के माहौल से गुजर रहे हैं, लेकिन दीर्घकालीन संरचनात्मक विकास के अवसर अभी भी आकर्षक बने हुए हैं। भारतीय बाज़ार के संकटों से उबर कर नई ऊँचाइयों तक पहुंचने का ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। विशेषज्ञ मानते हैं कि रणनीतिक सुधारों में सतत इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास व भारी घरेलू मांग से शेयर बाज़ार ऊपर चढ़ता रहेगा। जैसे-जैसे अनिश्चितता सुलझेगी। धैर्य और रणनीति निदेशों के विकल्पों का संयोजन भारत की आर्थिक संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

## संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पंजाब में एक गैंगस्टर गिरफ्तार

मोगा, 12 मार्च। पंजाब में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने मोगा पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में गैंगस्टर गौरव उर्फ लक्की पटियाल और दविंदर बंबीहा गिरोह के दविंदरपाल सिंह उर्फ गोपी लाहौरिया के एक सदस्य को मोगा शहर में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोगा के दोसांझ तलवंडी निवासी मलकीत सिंह उर्फ मनु के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने उसके कब्जे से एक पिस्तौल और चार कारतूस भी बरामद किए हैं। यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनु का आपराधिक इतिहास रहा है तथा उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, एनडीपीएस अधिनियम, शस्त्र अधिनियम आदि से संबंधित कम से कम सात मामले दर्ज हैं।

**■ गिरफ्तार आरोपी मनु का अपराधिक इतिहास है तथा वह दविंदर बंबीहा गिरोह का सक्रिय सदस्य है।**

# एयरटेल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जो कि विश्व का सबसे बड़ा इंटरनैट बाज़ार है, आने के लिए पूरी तरह तैयार है।

स्टारलिंक विश्व का सबसे पहला और सबसे बड़ा सैटेलाइट कॉन्स्टेलेशन है तथा यह पृथ्वी के अपेक्षाकृत नीचे कक्ष (ऑर्बिट) का उपयोग करते हुये ब्रॉडबैंड इंटरनैट प्रदान कराता है। अन्य अधिकांश सैटेलाइट इंटरनैट सेवाएं सिर्फ जीओ स्टेशनरी सैटेलाइट्स से मिलती हैं, जो पृथ्वी की परिक्रमा 35,786 किमी. पर करते हैं तथा उनकी डेटा-यात्रा ज्यादा लम्बी होती है। स्टारलिंक सैटेलाइट पृथ्वी की परिक्रमा काफी कम दूरी पर, करीब 550 किमी पर करते हैं तथा तकरीबन पूरे विश्व को कवर करते हैं। इससे डेटा टाइम यात्रा को काफी कम करने में मदद मिलती है।

प्रारम्भ में मुकेश अम्बानी की रिलायंस जिओ तथा सुनील मित्तल की भारती एयरटेल ने भारत में स्टारलिंक के प्रवेश का विरोध इस आधार पर किया था कि इस अमेरिकन कंपनी के प्रवेश से "लेवल प्लेइंग फील्ड" की अवधारणा बाधित होगी। भारतीय टेलिकॉम की सबसे बड़ी कंपनियों- एयरटैल तथा रिलायंस जिओ, ने स्टारलिंक के भारत में प्रवेश का विरोध गत वर्ष किया था, क्योंकि ये दोनों ही कम्पनियाँ केन्द्र सरकार के इस निर्णय के बाद भारत में व्यावसायिक रूप से सैटेलाइट ब्रॉडबैंड लॉन्च करने के लिए तैयार थीं कि स्पेक्ट्रम का आवंटन प्रशासनिक रूप से किया जायेगा, नीलामी के जरिये नहीं।

## वैटरनरी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है। पशुपालन विभाग ने गत 15 जनवरी को उसका तबादला अलग कैडर के बीवीएचओ कोटखावदा, जिला जयपुर में लैब टेक्नीशियन के पद पर कर दिया। अपील में कहा कि किसी भी कर्मचारी का तबादला उसके कैडर के पदों पर ही किया जा सकता है। इसके बावजूद, अपीलार्थी को दूसरे कैडर में ट्रांसफर किया गया।

ऐसे में तबादला आदेश को रद्द किया जाए। मामले पर सुनवाई करते हुए अधिकरण ने याचिकाकर्ता के तबादला आदेश पर रोक लगाते हुए उसे वर्तमान पद पर कार्य करते रहने को कहा है।

सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908